# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**20 MAY 2026**

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

**(A) प्रो. कैलाश डागा को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (सुविवि) का कुलगुरु नियुक्त किया गया है**

**(B) प्रो. डागा का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए होगा।**

**(A) कथन A और B सत्य हैं**

(B) केवल कथन A सत्य हैं

(C) केवल कथन B सत्य हैं

(D) कथन A और B असत्य हैं

Yesterday Revision

01. राजस्थान विधानसभा की स्थापना के 75वें वर्ष (हीरक जयंती) के अवसर पर राजस्थान विधानसभा का नया लोगो लाँच किया गया

02. जयपुर के स्केटर शौर्य माहेश्वरी ने शिमला में आयोजित 18वीं अखिल भारतीय ओपन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है

03. राजस्थान में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा करवाई जाएगी

04. चीन के शंघाई में 43 वर्षीय एंड्योरेंस एथलीट आशीष बड़गोती, जयपुर ने प्रतिष्ठित आयरनमैन 70.3 प्रतियोगिता सफलतापूर्वक पूरी की है

05. भाजपा सांसद डॉ. दग्गुबती पुरंदेश्वरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'महिला सशक्तिकरण समिति' का पुनर्गठन किया है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) कोटपूतली-बहरोड़ जिले के घीलोठ में देश का दूसरा जापानी जोन विकसित किया जा रहा है

(B) यहां ऑटोमोबाइल, ऑटो कॉम्पोनेंट, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सपोर्ट इंडस्ट्रीज स्थापित होंगी।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) कोटपूतली-बहरोड़ जिले के घीलोठ में देश का दूसरा जापानी जोन विकसित कर रहा है।
- 156 हेक्टेयर भूमि यानी करीब 964 बीघा जमीन पर 36 भूखंड प्रस्तावित किए गए हैं।
- इनमें से दो प्लॉट जापानी कंपनियों को आवंटित भी कर दिए गए है। यहां ऑटोमोबाइल, ऑटो कॉम्पोनेंट, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सपोर्ट इंडस्ट्रीज स्थापित होंगी। इस औद्योगिक क्षेत्र के विकसित होने से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।
- दिल्ली जयपुर हाईवे और फ्रेट कॉरिडोर के नजदीक होने के कारण घीलोठ की लोकेशन उद्योगों के लिए बेहद उपयुक्त मानी गई।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नागौर जिले के मेड़ता में श्री राव दूदा मेड़तिया जी की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया।

(2) राव दूदा जी मेड़ता के संस्थापक और मीराबाई के दादा थे ।

**सही विकल्प चुनें**



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- केंद्रीय रक्षा मंत्री Rajnath Singh ने हाल ही में नागौर जिले के मेड़ता में श्री राव दूदा मेड़तिया जी की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया।
- मेड़ता शहर के संस्थापक माने जाने वाले वीर शिरोमणि राव दूदाजी राठौड़ की भव्य अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया
- राव दूदा जी मीराबाई के दादा थे। वे मेड़ता के संस्थापक राव जोधा के पुत्र और एक प्रसिद्ध राठौड़ शासक थे

03. राजस्थान में 'खेलों के साथ भी, खेलों के बाद भी' विजन के तहत प्रदेश के कितने पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में 'आउट ऑफ टर्न नियुक्तियां प्रदान की हैं?

(A) 186

(B) 152

(C) 173

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में 'खेलों के साथ भी, खेलों के बाद भी' विजन के तहत प्रदेश के 186 पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में 'आउट ऑफ टर्न' (बिना लिखित परीक्षा के सीधी) नियुक्तियां प्रदान की हैं।
- राज्य को एक खेल महाशक्ति बनाने और खिलाड़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।
- • क्रिकेटर रवि बिश्नोई, शूटिंग खिलाड़ी मानिनी कौशिक, घुड़सवारी खिलाड़ी दिव्यकृति सिंह और कबड्डी खिलाड़ी सचिन को राजस्थान पुलिस सेवा में उप अधीक्षक (DSP) के पद पर नियुक्ति दी गई है।
- • पैराशूटिंग की मशहूर खिलाड़ी मोना अग्रवाल को शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक (Physical Education Professor) के पद पर नियुक्त किया गया है।
- जयपुर को राजस्थान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) पाली के सोजत में बकरी के दूध से साबुन और शैंपू बनाने का प्लांट लगाया जाएगा।

(2) यह प्लांट डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान कार्यक्रम के तहत राजीविका की ओर से लगाया जा रहा है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सोजत में बकरी के दूध से साबुन और शैंपू बनाने का प्लांट लगाया जाएगा।
- राजीविका के तहत स्थापित होने वाला यह प्रदेश का पहला संगठित गोट मिल्क साबुन-शैंपू प्लांट होगा। परियोजना पर करीब 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।
- यह प्लांट डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान कार्यक्रम के तहत राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से लगाया जा रहा है। सोजत नगरपालिका के सामुदायिक भवन में स्थापित होने वाली इस इकाई से करीब 1000 ग्रामीण परिवारों को जोड़ा जाएगा।
- प्रोडक्ट में सोजत की हैदराबादी नस्ल की बकरियों का दूध उपयोग में लिया जाएगा

05. राजस्थान सरकार द्वारा ड्यूल सोर्स से अनवरत पावर सप्लाई प्राप्त करने वाला यह राज्य का पहला डेटा सेंटर कहां स्थापित किया गया है?

(A) जोधपुर

(B) अलवर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- प्रदेश को डेटा सेंटर्स का हब बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रयास धरातल पर उतरने लगे हैं। इसी क्रम में राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा किए नीतिगत बदलाव ने प्रदेश में डेटा सेंटर्स की स्थापना की राह खोल दी है।
- जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर के रूप में प्रदेश में निजी क्षेत्र का पहला ऐसा डेटा सेंटर स्थापित किया गया है, जिसे दो स्वतंत्र ग्रिड स्त्रोतों से बिजली की सतत् आपूर्ति प्राप्त हो रही है।
- ड्यूल सोर्स से अनवरत पावर सप्लाई प्राप्त करने वाला यह राज्य का पहला डेटा सेंटर है।
- करीब डेढ़ एकड़ भूमि पर स्थापित 6 मेगावाट आईटी क्षमता के इस डेटा सेंटर के माध्यम से राज्य में करीब 350 करोड़ रुपए का अनुमानित निवेश हुआ है

जयपुर, सोमवार, 18 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-88

1. **प्रदेश** में निवेश को प्रोत्साहित करने और अनुकूल औद्योगिक वातावरण बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों में कुल कितनी नई नीतियां लागू की गई हैं?
(A) 21 नीतियां
(B) 25 नीतियां
(C) 35 नीतियां
(D) 50 नीतियां

2. **प्रमुख** विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा और त्वरित समाधान के लिए शुरू की गई अभिनव पहल 'राज उन्नति' का पूर्ण रूप क्या है?
(A) राजस्थान यूनिफाइड नेटवर्क फॉर नेशनल एक्शन
(B) राजस्थान यूनिफाइड नेटवर्क फॉर न्यू एक्शन
(C) राजस्थान अर्बन नेटवर्क फॉर न्यू एक्शन
(D) राजस्थान यूनाइटेड नेटवर्क फॉर न्यू एक्शन

3. **राजस्थान** में स्टार्टअप संस्कृति को नई पहचान देने वाला और युवाओं को रोजगार से जोड़ने वाला 'आईस्टार्ट' कार्यक्रम किस विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है?
(A) उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
(B) कौशल एवं उद्यमिता विभाग
(C) सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
(D) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

4. **राजस्थान** में पशुपालकों को घर बैठे निःशुल्क पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कौनसी टोल-फ्री मोबाइल सेवा शुरू की गई है?
(A) 1962
(B) 108
(C) 104
(D) 1950

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत ब्यावर जिले की उपज कौन सी है?
(A) मूंग
(B) गेहूं
(C) शहद
(D) आलू

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत कितने वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा करवाई जाएगी?**

(A) 56 हजार

(B) 66 हजार

(C) 76 हजार

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine